बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

विस्तृत सूचना

दिनांक 12-08-2024 एवं 13-08-2024 को आयोजित की जाने वाली प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 24/2024) से संबंधित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 12-08-2024 को सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगें एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो साथ में लाये गये अतिरिक्त ई-प्रवेश पत्र में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. आई० डी० प्रूफ यथा– पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई० डी० कार्ड/पासपोर्ट में से किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात् ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

नोटः– विहित घोषणा–पत्र आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर उपलब्ध है।

9/8/2024

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना